# छत्तीसगढ़ शासन
# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
# राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
# (COVID19)

website: www.cghealth.nic.in Corona Helpline - 104 Email: idspssucg@rediffmail.com

## दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 12 अगस्त 2020 (शाम 9:00 बजे तक)

| Today Positive | Total Positive | Total Active | Today Discharge | Total Discharge | Today Deaths | Total Deaths |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 438 | 13498 | 3881 | 269 | 9508 | 05 | 109 |

- विश्व में अब तक कुल 19936210 व्यक्ति संक्रमित हैं और अभी तक कुल 732499 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। भारत में वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से 35 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश प्रभावित हैं, जिनमें कुल 2329638 प्रकरणों की पुष्टि हो चुकी है और कुल 46091 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है।
- छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक कोरोना वायरस के परीक्षण हेतु **कुल 394141 (RTPCR - 303248 + TrueNat - 30436 + Rapid Antigen Kit - 60457) सैम्पल जांच** किया गया है, जिसमें **13498 धनात्मक मरीजों** की पहचान की गई, जिनमें अब तक **कुल 9508 मरीज स्वस्थ्य होने के उपरांत डिस्चार्ज किए गए** तथा **3881 मरीज सक्रिय हैं।**
- **आज कुल नए 438 कोरोना पॉजीटिव मरीजों की पहचान की गई है। जिला रायपुर से 154, राजनांदगांव से 55, रायगढ़ से 41, दुर्ग से 29, बस्तर से 26, सुकमा से 19, बिलासपुर से 17, नारायणपुर से 14, जशपुर से 13, कोरबा से 11, बलौदाबाजार व सूरजपुर से 10–10, जांजगीर–चांपा से 09, महासमुंद से 06, बालोद व कांकेर से 05–05, धमतरी, बेमेतरा व अन्य राज्य से 03–03, बीजापुर से 02, गरियाबंद, मुंगेली व सरगुजा से 01–01 । आज पाए गए पॉजीटिव मरीजों की अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती प्रक्रिया जारी है।**
- **छ.ग. प्रांत के राजनांदगांव जिले के पूर्व में भेजे गए सैम्पल्स जिनकी रिपोर्ट आज प्राप्त हुई है, उन दो दिवसीय पूर्व 75 पॉजीटिव आए मरीजों की जानकारी जिले से आज प्रेषित की गई है उसे बुलेटिन में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि समस्त धनात्मक प्रकरणों पर कोरोना नियंत्रण एवं उपचार संबंधी गतिविधियां स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व से ही आरंभ की जा चुकी है।**

- उरला न्यू प्रगति नगर, रायपुर निवासी 51 वर्षीय पुरुष, सांस की तकलीफ तथा छाती में दर्द की वजह से दिनांक 10.08.2020 को एम्स आई.सी.यू. में उपचारार्थ भर्ती किए गए थे, इन्हें पूर्व से ही डायबीटिज, उच्च रक्तचाप तथा कोरोनरीआर्टरी डिज़ीज थी। इन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया था। समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 11.08.2020 को प्रातः इनका निधन हो गया।
- भिलाई 3, जिला दुर्ग निवासी 50 वर्षीय पुरुष जिन्हें 03 दिनों से सांस की तकलीफ व बुखार की वजह से निजी अस्पताल में उपचारित किया जा रहा था, जहां से रिफर कर इन्हें एम्स, रायपुर में दिनांक 07.08.2020 को भर्ती किया गया था। इनका कोविड टेस्ट पॉजीटिव आया था। समुचित उपचार तथा चिकित्सकीय निगरानी के बावजूद उनकी मृत्यु दिनांक 12.08.2020 को प्रातःकाल में हो गई।
- महावीर चौक, रायपुर निवासी 65 वर्षीय पुरुष जो कि दिनांक 07.08.2020 को एम्स में बुखार व सांस की तकलीफ की वजह से भर्ती किए गए थे। इनका दिनांक 08.08.2020 को कोविड सैम्पल पॉजीटिव पाया गया था। इनका व्यवहार असामान्य होने तथा मनोरोग चिकित्सक से परामर्श के उपरांत इन्हें उपचार दिए जाने का उल्लेख एम्स की रिपोर्ट में किया गया है। देर रात इनके ऊंचाई से कूदने की वजह से इनकी दशा गंभीर हो गई समुचित  उपचार के बावजूद दिनांक 12.08.2020 को रात्रि 2:00 AM पर इनकी मृत्यु हो गई।
- त्रिमूर्ति नगर देवेंद्र नगर, रायपुर निवासिनी 45 वर्षीय महिला जिन्हें साँस में दिक्कत, कफ तथा पतले दस्त होने की वजह से दिनांक 11.08.2020 को एम्स में भर्ती किया गया। इन्हें दोनों फेफड़ों का न्यूमोनिया, गैस्ट्रोएन्ट्राइटिस से पीड़ित पाए जाने पर तथा कोविड पॉजीटिव होने की दशा में HDU में रख समुचित उपचार उपलब्ध कराया गया था, मरीज दो बार कार्डियक अरेस्ट की दशा में भी चली गई थीं, समुचित उपचार व देखभाल के बावजूद दिनांक 12.08.2020 को रात्रि 02:15 AM पर इनकी मृत्यु हो गई।
- भिलाई जिला दुर्ग निवासी 59 वर्षीय पुरुष जो कि पूर्व में अनियंत्रित डायबीटिज तथा उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे, सांस की तकलीफ की वजह से पूर्व में सेक्टर 9, अस्पताल में, तत्पश्चात रिफर हो, दिनांक 03.08.2020 से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में उपचारार्थ भर्ती किए गए थे। समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 11.08.2020 को 11:00 PM को इनका निधन हो गया।

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 12-08-2020

| क्र. | जिला | TODAY POSITIVE | TOTAL POSITIVE CASES | TODAY DISCHARGE | TOTAL DISCHARGE | TOTAL ACTIVE CASES | DEATH | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | COVID Death | Associated Co-Morbidity |
| 1 | दुर्ग | 29 | 1213 | 24 | 800 | 398 | 5 | 10 |
| 2 | राजनांदगांव | 55 | 1070 | 47 | 795 | 268 | 3 | 4 |
| 3 | बालोद | 5 | 116 | 1 | 100 | 16 | | |
| 4 | बेमेतरा | 3 | 163 | | 128 | 35 | | |
| 5 | कबीरधाम | | 230 | | 188 | 42 | | |
| 6 | रायपुर | 154 | 4566 | 107 | 2840 | 1676 | 11 | 39 |
| 7 | धमतरी | 3 | 67 | 15 | 57 | 9 | | 1 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 10 | 504 | | 392 | 109 | 2 | 1 |
| 9 | महासमुंद | 6 | 233 | 1 | 138 | 92 | | 3 |
| 10. | गरियाबंद | 1 | 125 | 1 | 95 | 29 | | 1 |
| 11. | बिलासपुर | 17 | 914 | 6 | 682 | 224 | | 8 |
| 12. | रायगढ़ | 41 | 462 | 3 | 245 | 212 | 1 | 4 |
| 13. | कोरबा | 11 | 458 | 6 | 406 | 52 | | |
| 14. | जांजगीर-चांपा | 9 | 565 | 1 | 490 | 71 | 1 | 3 |
| 15. | मुंगेली | 1 | 184 | | 171 | 13 | | |
| 16. | गौरेला पेंड्रा मरवाही | | 33 | | 31 | 2 | | |
| 17. | सरगुजा | 1 | 269 | 4 | 237 | 30 | 1 | 1 |
| 18. | कोरिया | | 150 | 4 | 137 | 11 | | 2 |
| 19. | सूरजपुर | 10 | 107 | | 64 | 42 | 1 | |
| 20. | बलरामपुर | | 247 | 26 | 226 | 21 | | |
| 21. | जशपुर | 13 | 290 | 2 | 252 | 38 | | |
| 22. | बस्तर | 26 | 354 | 17 | 209 | 143 | 1 | 1 |
| 23. | कोंडागांव | | 174 | | 100 | 74 | | |
| 24. | दंतेवाडा | | 159 | | 138 | 21 | | |
| 25. | सुकमा | 19 | 135 | | 82 | 53 | | |
| 26. | कांकेर | 5 | 333 | 2 | 244 | 89 | | |
| 27. | नारायणपुर | 14 | 238 | | 172 | 66 | | |
| 28. | बीजापुर | 2 | 115 | 2 | 83 | 32 | | |
| 0 | अन्य | 3 | 24 | | 6 | 13 | | 5 |
| | **महायोग** | 438 | 13498 | 269 | 9508 | 3881 | 26 | 83 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
**(COVID19)**